Regarding establishment of an Airport in Palghar, Maharashtra-Laid

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : मैं पालघर क्षेत्र में एक नए हवाई अड्डे की स्थापना के प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह करता है । मुंबई हवाई अड्डा देश के वयस्ततम हवाई अड्डो में से एक है । हमें आज भी हवाई यात्रा के लिए पालघर से मुंबई हवाई अड्डा तक पहचने में लगभग 2 घंटा 30 मिनट की सड़क यात्रा करनी पड़ती है । निर्माणाधीन नवी मुंबई हवाई अड्डा शुरु होने के बाद नवी मुंबई के लोगों के लिए लाभप्रद होगा और मुंबई हवाई अड्डे पर कुछ दबाव कम करेगा । लेकिन पालघर और आसपास के लोगों के पास तब भी मुंबई जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा । पालघर में एक नया हवाई अड्डा पर्यटन और उद्योगों को बढ़ाने में काफ़ी मदद करेगा और साथ ही साथ वर्तमान हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ को कम करने में भी मदद करेगा । इस नए हवाई अड्डे के बनने से निवेश को आकर्षित करने में मदद होगी और रोजगार की अपार संभावनाएं उत्पन होगी । मुझे विश्वास है कि माननीय मंत्री जी पालघर क्षेत्र में नए हवाई अड्डे की स्थापना के प्रस्ताव पर ज़रूर विचार करेंगे ताकि पालघर सहित मुंबई महानगर क्षेत्र के सभी हवाई यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित होगी और पालघर क्षेत्र में पर्यटन, उद्योगों तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा ।